बर्बादी | पंचायतों में बने स्वच्छता परिसर पड़े वीरान

# योजना के नाम पर राशि की बर्बादी




**नवभारत,नरसिंहपुर,गोटेगांव।** गोटेगांव जनपद पंचायत के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में शासन की योजनानुसार लाखों रूपये की लागत से स्वच्छता परिसरों का निर्माण कराया गया है, लेकिन धरातल पर इनका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। इन परिसरों का निर्माण ऐसे स्थानों पर कर दिया गया है जहाँ पहुंचना आम लोगों के लिए सुगम नहीं है, जिसके कारण ये सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। कई स्थानों पर तो पानी तक की मूलभूत व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे स्वच्छता अभियान के दावों की पोल खुल रही है। ग्राम पंचायत कमती में श्मशान घाट के पास एकांत इलाके में स्वच्छता परिसर बनाया गया है, जहाँ पानी की व्यवस्था न होने से ग्रामीण इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत में पीएम आवास कॉलोनी स्थल पर निर्मित परिसर भी अनुपयोगी बना हुआ है। ग्राम पंचायत श्रीनगर में गौशाला के पास बने स्वच्छता परिसर का लाभ केवल वहां रहने वाले कुछ लोग ही उठा पा रहे हैं, जबकि गांव के मुख्य रहवासी क्षेत्र के लोग इससे वंचित हैं। अनुपयोगी स्थलों पर कराए गए इन निर्माण कार्यों ने पंचायत प्रशासन की अदूरदर्शिता और सरकारी धन के दुरुपयोग पर कई गंभीर प्रश्न

## 65 लाख की सीसी रोड में पड़ी दरारें



**नवभारत,साईंखेड़ा।** आपको बता दें नगर परिषद साईंखेड़ा में तहसील के आगे तक निर्मित सी.सी. रोड (कार्य W-6) पर गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगने लगे हैं। लगभग ?65,27,125.81 की लागत वाले इस कार्य (प्रोजेक्ट क्रमांक PW1-468-21-035) की तकनीकी स्वीकृति 15/12/2023 को दी गई थी, लेकिन अभी से सड़क खड़ी तिरछी और बीच-बीच में फटने लगी है। शिकायत के अनुसार निर्माण में सबग्रेड, जीएसबी, डीएलसी एवं एम-30 कंक्रीट कार्य मानकों के अनुसार नहीं किया गया तथा रोड की स्थिति देखकर सड़क की मोटाई भी कम हो सकती है। सामग्री की मात्रा बढ़ाकर भुगतान लेने की आशंका भी जताई गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद सड़क की यह हालत भ्रष्टाचार और लापरवाही की ओर बड़ा संकेत करती है। नागरिकों ने उच्च स्तरीय तकनीकी जांच, पुनः मापन, गुणवत्ता परीक्षण तथा दोषी अधिकारियों-ठेकेदार पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## गाली देने से रोकने पर पत्थर से हमला

**नवभारत,गाडरवारा।** डोलाबाबा क्षेत्र में एक व्यक्ति ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि मोहल्ले का धर्मेन्द्र कहार घर के सामने गाली-गलौच कर रहा था। मना करने पर आरोपी ने पत्थर मारकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। ग्राम आमगांव छोटा में पुरानी रंजिश के चलते बबलू लोधी और सन्नू लोधी ने कमलेश वर्मा के साथ लकड़ी से मारपीट की। सूचना मिलने पर जीजा मौके पर पहुंचा और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। ग्राम बैरागढ़ में गेंदालाल धानक पर गांव के ही रम्मू उर्फ रजनीश ने पुरानी रंजिश को लेकर लाठी से हमला कर दिया, जिससे उसे चोटें आईं। ग्राम खुरसीपार में 80 हजार रुपये उधार देने वाले व्यक्ति ने जब पैसे मांगे, तो गुड्डा जाटव और उसके साथियों ने गाली-गलौच कर डंडे से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। काबरा पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में युवक घायल हो गया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ग्राम सहावन में गुटखा खरीदने के बाद ?80 के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। दुकानदार और उसके साथी ने मिलकर ग्राहक के साथ मारपीट की और धमकी दी। सभी मामलों में पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गाडरवारा में 25 मॉडिफाइड साइलेंसर नष्ट



**नवभारत,गाडरवारा।** नरसिंहपुर पुलिस द्वारा यातायात नियमों के पालन एवं व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में गाडरवारा नगर में कार्यवाही की गई।

नगर में लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि दो-पहिया वाहन चालक अपनी मोटरसाइकिलों में तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, जिससे आमजन को असुविधा हो रही थी। शाम 4 बजे पलोटनगंज, गाडरवारा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, एसडीओपी ललित सिंह डागुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक सिंह चौहान, यातायात प्रभारी निरीक्षक ममता तिवारी, सूबेदार नोवेन्द्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक सुरेश पटेल एवं स्टाफ द्वारा पूर्व में जब्त किए गए कुल 25 मॉडिफाइड साइलेंसर को नष्ट किया गया। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। आगे भी जारी रहेगी कार्यवाही नरसिंहपुर पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि, वाहन चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। आम नागरिकों से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## चैत्र नवरात्रि पर रिलीज हुआ बुंदेली भजन, कलाकारों ने बढ़ाया नगर का मान

**नवभारत,करेली।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रसिद्ध बुंदेली भजन 'धीरे-धीरे बजना डुलाए सकियां' रिलीज़ हुआ है, जिसे दर्शकों द्वारा खूब सराहा जा रहा है। यह मध्यप्रदेश का एक लोकप्रिय पारंपरिक भजन माना जाता है। भजन के लेखक एवं कंपोज़र गिरधारीलाल जोशी हैं, जो छतरपुर निवासी हैं। भजन में अपनी मधुर आवाज़ से सचिन परिहार और आदर्श जोशी ने विशेष आकर्षण पैदा किया है। करेली निवासी सचिन परिहार इससे पहले सिम्फनी ऑफ इंडिया और दूरदर्शन नेशनल पर अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। सचिन परिहार, नगर पालिका करेली में कार्यरत रामकुमार जाटव सहा. रा. नि. के पुत्र एवं श्री यशपाल जाटव शिक्षक के भतीजे हैं और अपने गायन से करेली शहर का नाम रोशन कर रहे हैं। भजन में संगीत, करेली के शिक्षक आशीष दुबे के पुत्र पार्थ दुबे ने दिया है, जबकि वीडियो निर्देशन का कार्य करेली नगर के बैघनाथ चौरसिया के पुत्र प्रथम चौरसिया ने किया है। भजन के रिलीज़ होने पर क्षेत्र के संगीत प्रेमियों में उत्साह देखा जा रहा है।



## अधिकारियों की टीम ने की होटलों की जांच, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**नवभारत,गोटेगाँव।** गोटेगाँव नगर में विगत दिवस शासन के आदेश और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के निर्देशानुसार होटलों एवं रेस्टोरेंट्स का औचक निरीक्षण किया गया। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी और नगर पालिका परिषद की संयुक्त टीम ने नगरीय क्षेत्र में संचालित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की। इस दौरान टीम द्वारा सभी दुकानदारों को लकड़ी चूल्हा, डीजल भट्टी और इंडक्शन आदि का उपयोग करने के संबंध में आवश्यक समझाइश दी गई। इस कार्यवाही के दौरान कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी शंकर पटेल, नगर पालिका से लेखापाल सुनील भनारे, आकाश राजपूत, कमलकांत जारोलिया सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीएसआर पहल से एनटीपीसी ने कराया क्रिकेट कप का आयोजन




**नवभारत,नरसिंहपुर।** एनटीपीसी गाडरवारा द्वारा सीएसआर पहल के अंतर्गत परियोजना प्रभावित ग्रामों के लिए चार दिवसीय ग्रामीण क्रिकेट कप का भव्य आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में सभी सात परियोजना प्रभावित गाँवों की टीमें बड़े उत्साह और जोश के साथ भाग ले रही हैं।

विशेष बात यह है कि इस प्रकार की क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन पहली बार किया जा रहा है, जिससे ग्रामवासियों में विशेष उत्साह और खुशी का वातावरण निर्मित हुआ है। यह आयोजन खेल के माध्यम से आपसी भाईचारे, सहयोग, समन्वय एवं विश्वास को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल है। प्रतियोगिता का शुभारंभ परियोजना प्रमुख श्री हिम्मत सिंह चौहान द्वारा मेजर ध्यानचंद स्टेडियम, एनटीपीसी गाडरवारा में विधिवत रूप से किया गया, जिसमें श्री बी बी पात्रा, मानव संसाधन प्रमुख एवं सभी ग्रामों के सरपंचों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस प्रतियोगिता में सातों गाँवों की टीमों से लगभग 180 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है, जो ग्रामीण क्षेत्र में छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 21 मार्च को आयोजित किया जाएगा, जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार है। इसी के साथ सभी सातों ग्रामों को क्रिकेट एवं वॉलीबॉल किट भी प्रदान की गई, जिससे ग्रामीण युवाओं को खेल के प्रति और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। इस अनूठी एवं प्रभावशाली सीएसआर पहल के लिए ग्रामवासियों ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की है और एनटीपीसी गाडरवारा की इस पहल की भूरि-भूरि सराहना की है। इस प्रकार के आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को निखारते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा, एकता, सहभागिता और सामुदायिक विकास को भी बढ़ावा देते हैं, जो ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




## पर्यावरण सुरक्षा के लिए पॉलिथिन को करें दरकिनार

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस सांदीपनि विद्यालय डोभी में ईको क्लब के अंतर्गत सतत जीवन शैली कार्यशाला का आयोजन किया गया। सरस्वती पूजन के साथ शुरू हुई इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को पालिथिन मुक्त जीवन शैली अपनाने का संकल्प दिलाया गया। विद्यार्थियों द्वारा कपड़े के थैलों का निर्माण किया गया। सभी विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश इस कार्यशाला में दिया गया तथा विद्यार्थियों को प्राचार्य अंजेश पटेल द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गये। एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### एक नजर में

## नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में महिमा ने पाई सफलता



**नवभारत,गोटेगांव।** गोटेगांव के समीपवर्ती ग्राम गुंजी की होनहार छात्रा महिमा पटेल का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु हुआ है। इस उपलब्धि से पूरे ग्राम गुंजी में हर्ष और खुशी का माहौल व्याप्त है। महिमा पटेल, पिता महेश पटेल एवं माता मंजू पटेल की सुपुत्री हैं। छात्रा ने अपनी इस शानदार सफलता का श्रेय मार्गदर्शन के लिए बांके सर एवं मोनार्क इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया है। महिमा की इस सफलता पर उनके परिजनों, इष्ट मित्रों और समस्त शुभचिंतकों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई प्रेषित की है।

## अनन्या पटेल का नवोदय विद्यालय में चयन



**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस घोषित हुए जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में बाल विद्या मंदिर गुटोरी की छात्रा अनन्या पटेल पिता लेखराम पटेल का चयन होने पर परिजनों एवं शुभचिंतकों ने बधाईयां प्रेषित की हैं।

## छात्रों का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस घोषित हुए जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा कक्षा छठवीं में काचरकोना के अनुज पिता रामकेश पटेल गरिमा पिता प्रदीप खेरोनिया कृष्णा पिता रामसींग पटेल तथा साहिल पिता सुरेंद्र ठाकुर का चयन हुआ है। छात्रों की इस सफलता के पीछे जहां पालकों और स्वयं छात्रों की मेहनत परिश्रम रहा है वहीं इन छात्रों के मार्गदर्शक प्रशिक्षक महावीर कोचिंग के माध्यम से जसवंत पटेल का विशेष योगदान रहा है। छात्रों की सफलता पर परिजनों एवं शुभचिंतकों ने बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## संगीतमय श्री राम कथा आज से

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** शक्ति साधना के महापर्व चेत्रीय नवरात्रि पर्व पर जगह जगह धार्मिक आयोजन अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं।इसी श्रंखला के चलते समीपी ग्राम टेकापार में आज 20 मार्च से 26 मार्च तक संगीतमय श्री राम कथा पं कृष्णकांत शास्त्री के मुखारविंद से वर्णित की जायेगी।श्री राम जानकी मंदिर परिसर में आयोजित हो रही इस कथा में पधारने आयोजक मंडल ने अपील की है।

## जगह-जगह सड़क खोदकर डाली जा रही मिट्टी

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** बरमान तेंदूखेड़ा सड़क मार्ग के बीच विभिन्न स्थानों पर पाइप लाइन डाले जाने को लेकर सड़क खोदकर केवल मिट्टी डाल कर छोड़ दी जा रही है। जिससे आने वाले समय में यात्रि बाहनों से लेकर दोपहिया वाहन चालकों को भी परेशानी होगी।इस विषय को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को लिखित शिकायत कर उक्त गड्ढों में डामरीकरण कराने की मांग की गई है।

## हनुमान मंदिर से निकली रामधुन यात्रा

**नवभारत,साईंखेड़ा।** चैत्र शुक्ल वर्ष प्रतिपदा एवं हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर गुरुवार शाम नगर में भक्ति और उल्लास का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। हिंदू उत्सव समिति साईंखेड़ा के तत्वावधान में संकट मोचन हनुमान मंदिर से भव्य श्री रामधुन यात्रा निकाली गई। यह आयोजन नवरात्रारंभ, हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में किया गया।

## भगवान निषादराज महाराज की शोभायात्रा 23 को


**नवभारत,गोटेगांव।** निषादराज समाज एकता समिति के संगठन संस्थापक गोविंद कहार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान निषादराज महाराज की भव्य शोभायात्रा आगामी 23 मार्च, दिन सोमवार को चैत्र नवरात्रि की पंचमी के अवसर पर निकाली जाएगी। यह आयोजन प्रात: 9:00 बजे स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड से प्रारंभ होगा। इस गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, वरिष्ठ समाजसेवी एवं मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सचिव सरदार सिंह पटेल तथा गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। शोभायात्रा को भव्य और सफल बनाने के लिए समाज के सक्रिय सदस्यों द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां और प्रयास किए जा रहे हैं। इस यात्रा के दौरान भगवान निषादराज महाराज की महिमा का बखान करती मनमोहक झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी।



## श्रीमद् देवी भागवत कथा एवं जवारे स्थापना का आयोजन

**नवभारत,गाडरवारा।** धर्म और आध्यात्म की नगरी गाडरवारा के कोष्टी मोहल्ला (भगत सिंह वार्ड) में आज से भक्ति की अविरल धारा बहने जा रही है। समस्त वार्डवासियों एवं कोष्टी मोहल्ला के सहयोग से यहाँ संगीतयम श्रीमद् देवी भागवत कथा ज्ञानयज्ञ एवं जवारे स्थापना का भव्य आयोजन 19 मार्च से 27 मार्च 2026 तक किया जा रहा है। कलश यात्रा के साथ होगा मंगल शुभारंभ आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि आज, 19 मार्च 2026 को शाम 04:00 बजे से भव्य कलश यात्रा एवं घट स्थापना (जवारे स्थापना) के साथ इस धार्मिक अनुष्ठान का श्रीगणेश होगा। इसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति कलश धारण कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की मंगल कामना करेंगी। कथा व्यास एवं मुख्य कार्यक्रम इस नौ दिवसीय महोत्सव में मुख्य आकर्षण देवी भागवत कथा होगी, जिसका रसपान कथा व्यास पं. शिवम् दीक्षित (पुजारी सिद्ध मनोकामना माता मंदिर, गाडरवारा) द्वारा कराया जाएगा। साथ ही पं. अंशुल उपाध्याय की गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम में बनी रहेगी।

## उमड़ा आस्था का जनसैलाब, श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



**नवभारत,नरसिंहपुर।** चैत्रीय नवरात्रि की धूम सदर मढ़िया में उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक नरसिंहपुर चैत्रीय नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर शहर भक्तिमय माहौल में रंगा नजर आया। नगर के प्रसिद्ध शक्ति पीठ सदर मढ़िया मठ में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जहां भक्तों ने माता रानी के दर्शन कर जलाभिषेक एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

### जवारे-कलश स्थापना की तैयारियां

आस्था और भक्ति का अनूठा संगम नवरात्रि के पहले दिन भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कोई नंगे पैर चलकर माता के दरबार पहुंचा तो कोई मौन व्रत धारण कर साधना में लीन नजर आया। महिलाओं, पुरुषों, बच्चों और बुजुर्गों ने बड़ी श्रद्धा के साथ मां दुर्गा की आराधना की और सुख-समृद्धि की कामना की। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में आज जवारे और कलश स्थापना का सिलसिला जारी है। घर-घर में भक्त शक्ति साधना के इस महापर्व की शुरुआत पूरे विधि-विधान से कर रहे हैं। मंदिरों के साथ-साथ घरों में भी भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### सदर मढ़िया में विशेष आकर्षण

सदर मढ़िया मठ में दिनभर दर्शनार्थियों की कतारें लगी रहीं। भक्तों ने माता रानी के जयकारों के साथ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंदिर परिसर में सुरक्षा और व्यवस्थाएं भी सुचारू रूप से संचालित होती नजर आईं। चैत्रीय नवरात्रि का यह पावन पर्व शहर में आस्था, श्रद्धा और ऊर्जा का संचार कर रहा है, जहां हर कोई मां दुर्गा की भक्ति में सराबोर नजर आ रहा है।

# पर्यावरण सखी महिला समूह ने चलाया पर्यावरण जागरूकता अभियान

## कार्यक्रम का उद्देश्य पॉलिथीन एवं प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था



**नवभारत,चीचली।** पर्यावरण जागरूकता अभियान के तहत पर्यावरण सखी महिला समूह द्वारा गत दिवस स्नेहलता श्रीवास्तव के संचालन, बंसती पालीवाल के नेतृत्व एवं सुषमा साहू के सहयोग से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन नगर में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण से जोड़कर पॉलिथीन एवं प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में महिलाओं को यह संकल्प दिलाया गया कि बाजार जाते समय वे कपड़े की थैली का उपयोग करें, अपने पर्स में कटोरीङ्कचम्मच रखें और प्लास्टिक के अनावश्यक उपयोग से बचें। साथ ही मार्च माह के अंतिम शनिवार को मनाए जाने वाले अर्थ आवर के महत्व को समझाया गया जिसके तहत शाम 8:30 से 9:30 बजे तक अनावश्यक बिजली बंद कर बिजली बचाओ ङ्क पृथ्वी बचाओ का संदेश दिया जाता है। कार्यक्रम में महिलाओं ने समझा कि माइक्रो प्लास्टिक हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। इसलिए सभी ने जल, वायु और मिट्टी को स्वच्छ रखने हेतु प्लास्टिक उपयोग सीमित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पर्यावरण सखी का खिताब नीतू साहू और रीना लमानिया को दिया गया। साथ ही प्रश्न मंच प्रतियोगिता में पर्यावरण से संबंधित प्रश्न पूछे गए जिसमें रजनी कोरी, अर्चना श्रीवास्तव, भारती उपाध्याय, सरिता पांडे, पदमा और संजू शर्मा पुरस्कृत हुईं।

### मातृशक्तियों का विशेष सहयोग रहा

महिलाओं द्वारा दिए गए सुझाव अत्यंत प्रेरक रहे जिनमें बताया गया कि हम दैनिक जीवन की छोटी-छोटी आदतों से भी पर्यावरण की बड़ी रक्षा कर सकते हैं। इस दौरान सुंदर थैली प्रतियोगिता में फूला विश्वकर्मा और पूनम कहार विजेता रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में बसंती पालीवाल, स्नेहलता श्रीवास्तव, अनीता मिश्रा, जिला महामंत्री सुषमा साहू, पार्षद पूजा तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनीता रवि शेखर जायसवाल, रीना चौधरी, सुषमा राजोरिया और अन्य मातृशक्तियों का विशेष सहयोग रहा।




## महिलाओं ने लिया पर्यावरण रक्षा का संकल्प

**नवभारत,गोटेगांव।** गोटेगांव के समीपवर्ती ग्राम कुम्हडाखेड़ा स्थित बंजारी माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि एवं नव वर्ष के पावन पर्व पर महिला मंडल द्वारा अनूठी पहल की गई। महिलाओं ने माँ दुर्गा की आराधना के साथ-साथ धरती माता के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस दौरान महिलाओं ने पर्यावरण सखी बनकर शपथ ली कि वे पॉलिथीन का उपयोग बंद कर कपड़े की थैलियों को अपनाएंगी। साथ ही, जल, वायु और भूमि को स्वच्छ रखने के प्रयास के तहत अपने साथ कटोरी-चम्मच रखने और फलों के बीजों को सुरक्षित रखकर उन्हें रोपित करने का निर्णय लिया ताकि हरियाली बढ़ाई जा सके। इसके साथ ही, अर्थ आवर यानी पृथ्वी के लिए एक घंटा अभियान के तहत महिलाओं ने बिजली बचाने का संकल्प भी लिया। आगामी 28 मार्च, शनिवार को रात्रि 8:30 से 9:30 बजे तक बिजली बंद रखकर धरती माता के प्रति आभार व्यक्त करने और लोगों को इस दिशा में जागरूक करने का प्रण लिया गया। महिला समूह का कहना है कि सच्ची भक्ति तभी पूर्ण होती है।